Greenlawns School, Worli

द्वितीय सत्रीय पुनरावलोकन (२०२३ - २०२४)

कक्षा - छठवीं | | पूर्णांक - ८०
दिनांक - १३-२-२०२४ | विषय - हिंदी | समय - २ घंटे

सूचना:- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
स्पष्ट भाषा और सुपाठ्य लेखन अपेक्षित है।

विभाग - अ (अंक - ४०)

भाषा - विभाग

प्रश्न १) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : - (१०)

i)गणतंत्र दिवस

ii)मकर संक्रांति

iii)मेरे शहर का मेला

प्रश्न २) निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर एक कहानी लिखिए तथा अंत में उससे मिलनेवाली सीख और शीर्षक भी लिखिए:- (७)

एक चूहा ------ लालची स्वभाव ------ एक दिन एक घर में घुसना ------ अनाज से भारी हाँडी ------ ढक्कन में छेद ------ छेद में से अंदर आना ------ खूब अनाज खाना ------ मोटा हो जाना------ बाहर न निकल पाना ------ पकड़ लिया जाना ------ मारा जाना ------ लालच का परिणाम ।

प्रश्न ३) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों की उत्तर लिखिए :-

सुबह का समय बहुत सुहावना होता है । सवेरे हवा में खूब ताजगी होती है । पूर्व दिशा में सूरज निकलता है । चारों ओर सुनहरी धूप फैल जाती है । रात का अँधेरा भाग जाता है । सबेरा होते ही पेड़ों पर पक्षी चहचहाने लगते हैं । बागों में फूल खिलते हैं । फूलों की खुशबू से हवा महक उठती है । फूलों और पत्तों पर ओस की बूँदें मोतियों की तरह चमकती हैं ।सुबह होते ही लोग नींद छोड़कर जाग उठते हैं । किसान हल-बैल लेकर खेत की ओर चल देता है । धोबी कपड़े धोने के लिए नदी के घाट पर पहुँच जाता है । विद्यार्थी अपनी - अपनी पाठशाला की तरफ चल पड़ते हैं। मंदिरों में आरती होती है । शहरों में कुछ लोग सुबह की ताजी हवा में घूमने-फिरने के लिए निकलते हैं । सचमुच, सवेरा हमारे लिए नई रोशनी, उमंग और ताजगी लेकर आता है ।

प्रश्न :-

i) सुबह का समय कैसा होता है और सबेरा हमारे लिए क्या लेकर आता है ? (२)

ii) सुबह होते ही किसान और धोबी क्या करता है ? (२)

iii) सवेरा होने पर विद्यार्थी और शहरों के लोग क्या करते है ? (२)

iv) सबेरे हवा में क्या होती है और चारों ओर क्या फ़ैल जाती है ? (२)

v) सवेरा होते ही फूलों में क्या परिवर्तन होता है ? (२)

P.T.O

व्याकरण - विभाग

प्रश्न ४) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-

क) पर्यायवाची शब्द लिखिए - i)महादेव- ii) स्वर्ग- (२)

ख) विलोम शब्द लिखिए - i) महँगा × ii)लाभ × (२)

ग) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए - (२)

i) समान अवस्थावाले -

ii) मास में एक बार घटनेवाला -

घ) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए कोई(२):- (३)

i)छोटा मुँह बड़ी बात -

ii)खुशी से फूला न समाना-

iii)जमीन-आसमान एक करना-

च) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित क्रिया शब्दों के भेद लिखिए :- (२)

i) नानी ने कहानी सुनाई ।

ii) तितली उड रही है ।

छ) निम्नलिखित वाक्यों में काल पहचानकर लिखिए:- (२)

i) कड़ाके की सर्दी पड़ रही थी ।

ii) भारत रत्न बिस्मिल्ला खाँ शहनाई बजाएँगे ।

विभाग ब (अंक - ४०)

साहित्य - विभाग

प्रश्न ५ - क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- (६)

i) चिड़ा और चिड़िया को देखकर बच्चों के मन में कौन-कौन से सवाल उठते थे ?

ii) अश्वमेध घोड़े के मस्तक पर क्या लिखा था और उसे छुड़ाने के लिए कौन-कौन आए थे ?

iii) केशव की बहन को क्यों लगा कि उसका भाई बहुत चालाक है ?

ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए:- (४)

i) अश्वमेध का अर्थ बताइए ।

ii) चिड़िया ने कितने अंडे दिए थे ?

iii) वाल्मीकी जी का आश्रम कहाँ था ?

iv) केशव की बहन का नाम क्या था ?

ग) निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:- (३)

i) दोनों बच्चों की ---------- दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही थी ।

ii) अश्वमेध घोड़े को दो ---------- बालकों ने पकड़ लिया है ।

iii) वीर पुरुष ---------- को नहीं अपनाते ।

घ) निम्नलिखित वाक्य किसने-किससे कहा लिखिए:- (३)

i)"आपके साथ पवनपुत्र हनुमान भी जाएँगे ।"

ii) "चिड़िया फिर उन्हें नहीं सेती ।"

iii) "तू गिर पड़ेगी ।"

ङ) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए:- (४)

i) आहिस्ता - ii) विवश - iii) विद्वान - iv) अपराध -

<u>पद्य विभाग</u>

प्रश्न ६ च)निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- (६)

i) यशोदा माँ कृष्ण को सुलाने के लिए क्या-क्या प्रयत्न कर रही है ?

ii) 'बापू का सपना' इस कविता में कवि ने क्या-क्या स्वच्छ होने के बारे में कहा है ?

छ) निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए : - (४)

पवन..

....

....

.... जीवन अच्छा हो ॥

ज) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए:- (४)

i) संलाप- , ii)अकुलाइ - , iii)परिसर - , iv)सुवावै -

<u>रंगमंच की कहानियाँ</u>

प्रश्न ७) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- (६)

i) लेखक ने छोटे जादूगर को कैसी वेशभूषा में देखा ?

ii) रसीला की पिटाई किसने की और क्यों ?

iii) सुदास ने किसके चरणों में पुष्प चढ़ाया तो आसपास के वातावरण में क्या परिवर्तन हुआ ?

समाप्त